फर्द अहकाम

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी बड़गॉव, उदयपुर

प्रार्थीः— हरिराम   विपक्षीः— सरकार

किस्म मुकदमाः—वाद   पत्रावली संख्याः—81/19   सनः— 2019

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	16.12.2019 पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। प्रकरण में सरकार का जवाब द्वारा तहसीलदार बड़गॉव दिनांक 04.12.19 को न्यायालय समय के पश्चात् प्राप्त हुआ जो पत्रावली संलग्न हैं। तहसीलदार बड़गॉव द्वारा अपने जवाब में यह अंकित किया है कि ''प्रकरण संख्या 63/17 अनवान हरिराम बनाम सरकार में राजस्व शिविर 2018 में ग्राम थूर आराजी संख्या 751, 752, 753 कालु पुत्र हिरा सा.देह. खातेदार में इन्द्राज दुरूस्ती से जरिये नामान्तरकरण संख्या 2132 दिनांक 16.05.18 से हिरा डांगी के बजाय हरिराम पिता हिरा डांगी सा.देह गैर खातेदार करने की स्वीकृति हो चुकी हैं।'' न्यायालय द्वारा जवाब के साथ संलग्न ग्राम थूर की जमाबन्दी संवत् 2072 से 2075 का अवलोकन करने पर जाहीर आया कि उक्त प्रकरण में प्रार्थी द्वारा चाही गई दाद प्रार्थी को प्राप्त हो चुकी हैं। अतः प्रकरण में अब कोई कार्यवाही शेष नहीं रह जाने से प्रकरण की कार्यवाही को इसी स्तर पर बन्द किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। डॉ. मंजु (आई.ए.एस.) **उपखण्ड अधिकारी** **बड़गॉव उदयपुर**	

Signature Not Verified
Digitally signed by Manju
Date: 2020.01.23 16:08:29 IST
Reason: SelfAttested